**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 20.07.2025 समय : 0705

- संसद का मानसून सत्र कल से शुरू–आज होगी सर्वदलीय बैठक।
- केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देने और नशामुक्त भारत अभियान में शामिल होने की अपील की।
- विज्ञान केंद्र में आज पहला मून लैंडिंग दिवस मनाया जाएगा।
- पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा अंडमान कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

संसद का मानसून सत्र कल से शुरू होगा। सरकार ने संसद के मॉनसून के सत्र से पहले आज एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की है। इस बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों की निर्बाध कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग करने का आग्रह करेगी। मॉनसून सत्र इक्कीस अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल इक्कीस बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार संसद में उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।

<><><><><><><>

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नशामुक्त युवा के महत्व पर जोर दिया है। वाराणसी में युवा आध्यात्मिक सम्मेलन के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देने और नशामुक्त भारत अभियान में शामिल होने की अपील की। उन्होंने सभी लोगों से इस अभियान में अपने साथ कम से कम पांच युवाओं को जोड़ने की शपथ लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने विभिन्न कार्यक्रमों और पहल के माध्यम से युवाओं में नशे की लत से मुकाबला करने के सरकार के जारी प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से कल महिला डाइव दिवस का आयोजन किया गया। नॉर्थ बे स्थित विभिन्न डाइव एसोसिएशनों और केंद्रों के सहयोग से #डाइविंगदिवस विषय के साथ यह आयोजन किया गया। स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं के लिए विशेष निशुल्क डाइविंग सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा, नॉर्थ बे, स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप की टीमों ने समुद्री संरक्षण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पानी के भीतर सफाई अभियान चलाया। विभाग ने अग्रणी महिला गोताखोरों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट मुख्य अतिथि, जबकि जिला परिषद सदस्य मरियम बीबी, और होप टाउन पंचायत प्रधान रशीदा सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने नॉर्थ बे डाइव क्लब के सदस्यों के साथ–साथ महिला गोताखोर प्रशिक्षकों को भी कार्यक्रम के संचालन के लिए सम्मानित किया। स्वराज द्वीप में महिला गोताखोरों सहित पंद्रह गोताखोरों ने समुद्री सफाई अभियान का नेतृत्व किया और समुद्री संरक्षण और महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित विज्ञान केंद्र में आज पहला मून लैंडिंग दिवस मनाया जाएगा। यह दिवस उन्नीस सौ उनहत्तर में नासा के अपोलो 11 मिशन द्वारा मानव की पहली सफल मून लैंडिंग की महत्वपूर्ण उपलब्धि को याद में मनाया जाता है। कार्यक्रम के भाग के रूप में, आज शाम तीन बजे विज्ञान केंद्र के सभागार में एक मल्टीमीडिया प्रस्तुति और विशेष अपोलो मिशन वीडियो की स्क्रीनिंग आयोजित की जाएगी। यह आयोजन विशेष रूप से स्कूल के छात्रों और आने वाले पर्यटकों के लिए तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष अन्वेषण के बारे में जिज्ञासा को बढ़ाना है। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।

<><><><><><><>

छियहत्तरवें वन महोत्सव के एक भाग के रूप में, पर्यावरण एवं वन विभाग की ओर से पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंडमान कॉलेज में समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, उपस्थित रहे, साथ ही कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। उन्होंने वृक्षारोपण के महत्व और द्वीपों के हरियाली को संरक्षित करने में सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया। उन्होंने जन सहभागिता और शैक्षिक पहुँच के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता फैलाने में वन विभाग के प्रयासों की भी सराहना की। कार्यक्रम में पौधरोपण, पर्यावरण संबंधी वार्ता और कॉलेज के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। इससे पहले, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार ने उपस्थिति का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन

अवसर पर प्रधान मंख्य वन संरक्षक डॉ. एस. दिनेश कन्नन ने वन संरक्षण के प्रति विभाग के निरंतर प्रयास के बारे में बताया। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम 2.0" की थीम के तहत वन विभाग ने छात्रों और प्रतिभागियों को पौधे भी वितरित किए।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए विभिन्न विषयों में अतिथि संकाय के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की अस्थाई वरीयता सूची कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इसके अलावा सूची कॉलेज के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित कर दी गई है। इस संबंध में दावे और आपत्तियाँ बाईस जुलाई तक कार्यालय समय के दौरान प्राचार्य के पते पर भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

अण्डमान कॉलेज में शैक्षणिक वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अतिथि संकाय की अस्थाई वरीयता सूची कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उम्मीदवारों को कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट से सूची डाउनलोड करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में दावे और आपत्तियां बाईस जुलाई शाम साढ़े चार बजे तक कॉलेज के प्राचार्य या ई–मेल पर भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से हाल ही में कालीकट ग्राम पंचायत में बकरी पालन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना और किसानों को बकरी पालन अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हो सके। इस कार्यक्रम में कालीकट के प्रधान एकंबरम और उप–प्रधान रितेश भी उपस्थित थे, जिन्होंने ग्रामीण विकास के लिए बकरी पालन के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्रशिक्षण के आयोजन में विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए स्थानीय किसानों को सशक्त बनाने की इसकी क्षमता पर जोर दिया। कार्यक्रम में कुल पच्चीस किसानों ने भाग लिया। पशुपालन विभाग और पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य किसानों को बकरी पालन तकनीकों और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभों के बारे में जानकारी देना था। सभी प्रतिभागियों को बकरी पालन पर प्रशिक्षण सामग्री और संबंधित सरकारी योजनाओं का विवरण वितरित किया गया।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ने द्वीपसमूह की लोक कला या जनजातीय कला के कलाकारों से तंजावुर स्थित दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की कार्यक्रम समिति के सदस्य पद के लिए नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक कलाकार इक्कतीस जुलाई तक कला एवं संस्कृति निदेशक के पास अपनी उपलब्धियों का विवरण और बायोडाटा जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>